# Haryana Government Gazette

## EXTRAORDINARY

Published by Authority


© Govt. of Haryana
No. 22-2018/Ext.] CHANDIGARH, FRIDAY, FEBRUARY 9, 2018 (MAGHA 20, 1939 SAKA)

**हरियाणा सरकार**

शहरी स्थानीय निकाय विभाग

तथा

नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग

**अधिसूचना**

दिनांक 9 फरवरी, 2018

**संख्या सी०सी०पी० (एन.सी.आर.)/एफ० डी० पी० –2025/बी०सी०ए०/2018/391.**– हरियाणा नगर पालिका अधिनियम, 1973 (1973 का 24) की धारा 203ग की उप धारा (7) तथा पंजाब अनुसूचित सड़क तथा नियन्त्रित क्षेत्र अनियमित विकास निर्बन्धन अधिनियम, 1963 (1963 का पंजाब अधिनियम 41), की धारा 5 की उप–धारा (7) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा शहरी स्थानीय निकाय विभाग तथा नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग, अधिसूचना संख्या– सी.सी.पी.(एन.सी.आर.) /एफ.डी.पी.–2025/बी.सी.ए./2016/3305, दिनांक 07 दिसम्बर, 2016 के प्रतिनिर्देश से, हरियाणा के राज्यपाल इसके द्वारा, हरियाणा राजपत्र दिनांक 03 मार्च, 1998 में प्रकाशित हरियाणा सरकार, नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग, अधिसूचना संख्या–सी.सी.पी.(एन.सी.आर.) /बी.सी.ए./98/171, दिनांक 27 जनवरी, 1998 द्वारा अधिसूचित भिवानी के अन्तिम विकास योजना, 2025 ए.डी. में, अनुबन्ध क तथा ख में दिये गये निर्बन्धनों तथा शर्तो सहित, जो अनुबन्ध ख में विनिर्दिष्ट नियन्त्रित क्षेत्र को लागू की जानी प्रस्तावित है, निम्नलिखित संशोधन करते हैं, अर्थात्:–

**संशोधन**

हरियाणा सरकार, नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग, अधिसूचना संख्या– सी.सी.पी.(एन.सी.आर.)/बी.सी.ए./98/171, दिनांक 27 जनवरी, 1998 में,–

I. अनुबन्ध–क में, 'प्रस्तावित भूमि उपयोग' शीर्ष में, "1 रिहायशी जोन" उप–शीर्ष में, द्वितीय पैरा में, अन्त में निम्नलिखित शब्द, अंक तथा चिह्न जोड़े जाएंगे, अर्थात्:–

"दोनों ओर से 20 प्रतिशत की विभिन्नता सहित प्रत्येक रिहायशी सैक्टर ड्राईंग में दर्शायी गई सैक्टर सघनता में तथा इसके अतिरिक्त नई एकीकृत अनुज्ञापन पॉलिसी, दीन दयाल जन आवास योजना पॉलिसी तथा अफोर्डऐबल ग्रुप हाऊसिंग पॉलिसी में यथा विहित सघनता में विकसित किया जाएगा। 20 प्रतिशत ग्रुप हाऊसिंग कम्पोनन्ट पॉलिसी भी रिहायशी सैक्टर में लागू होगी।"।

